दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
वार्षिक परीक्षा हेतु अभ्यास–कार्य पत्र
सत्र – 2019–20

कक्षा : सातवीं                                                                 विषय : हिंदी

सामान्य निर्देश :
- इस अभ्यास पत्र में चार खण्ड हैं– 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
- सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासम्भव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम में लिखिए।
- प्रश्नों के उत्तर लिखते समय श ाब्द सीमा का विशेष ध्यान रखें।

(खंड–क)

प्र01. दिए गए गद्यांश ा के आधार पर प्र श नों के उचित उत्तर दीजिए :–

भारत के प्राचीन नगरों में दिल्ली प्रमुख है। इसका पुराना नाम इंद्रप्रस्थ था, जिसे पांडवों ने बसाया था। समय–समय पर इसका नाम बदलता रहा। यह हमारे देश का हृदय है। तभी तो इसे प्राप्त करने के लिए वर्षों से अनेक राजा–महाराजा, बादशाहों का प्रयत्न रहा है। आज हम जिस दिल्ली में रह रहे हैं, वर्षो पुराना इतिहास है इसका। यह कई बार आबाद हुई और कई बार बरबाद। इसका नाम 'दिल्ली' कैसे पड़ा– इस पर कई मत हैं। पश्चिम में हिमालय की तराई में कुछ दर्रों से होकर अनेक जातियाँ यहाँ आईं। वे भारत के ऐश्वर्य पर मुग्ध थीं। गांधार देश से हूण, यवन हमारी धरती की असीम रत्न–राशि पाने के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाकार घुस आते थे। इस कोष की द्वार रक्षिका दिल्ली ही कही जाती थी, शायद इसलिए कि द्वार को चौखट या 'देहली' कहा जाता है। देहली का ही बिगड़ा रूप दिल्ली है। इसके बाद यवनों का आक्रमण हुआ और मुगल शासकों का दिल्ली पर आधिपत्य हो गया। उनके द्वारा दिल्ली में अनेक भवनों का निर्माण कराया गया जिनमें लालकिला, जामा मस्जिद, कुतुबमीनार आदि मुख्य है। फिरोजशाह तुगलक ने फिरोजशाह कोटला बनवाया। कुतुबमीनार कुतुबुद्दीन ऐबक ने बनवाया जिसकी सात मंज़िलें थीं। उस समय वह दिल्ली की सबसे ऊँची इमारत थी। इसके अतिरिक्त जंतर–मंतर, सूरजकुंड भी प्राचीन इमारतों में महत्त्वपूर्ण हैं। अंग्रेजों के शासनकाल में पार्लियामेंट हाउस, (संसद भवन) केंद्रीय सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट, कनॉट प्लेस आदि मुख्य इमारतें बनीं, जो अत्यंत भव्य हैं। इनके अतिरिक्त दिल्ली अनेक धर्मों के निवासियों का संगम स्थल है। अतः गौरीशंकर मंदिर, बिड़ला मंदिर, गुरुद्वारा शीशगंज, रकाबगंज, बंगलासाहिब, बहाई मंदिर, कालका मंदिर आदि दर्शनीय हैं। राष्ट्रीय संग्रहालय की दृष्टि से चिड़ियाघर, गांधी संग्रहालय, तीन मूर्तिभवन आदि भी दर्शनीय हैं। शिक्षा की दृष्टि से दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया विश्वविद्यालय, जवारल लाल नेहरू विश्वविद्यालय, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, केंद्रीय हिंदी संस्थान आदि विश्व प्रसिद्ध हैं। इस प्रकार दिल्ली भारत की राजधानी होने के साथ देश की हृदयस्थली है। देश–विदेश के नागरिक यहाँ निवास करते हैं। यह प्राचीन और नवीन संस्कृति और सभ्यता का संगम स्थल है।

क) भारत के हृदय दिल्ली के बारे में आप क्या जानते हैं?
ख) भारत में कौन–कौन सी जातियाँ आईं और क्यों?
ग) इस नगर का नाम दिल्ली कैसे पड़ा?
घ) दिल्ली में अंग्रेजों और मुगलों के शासनकाल में निर्मित इमारतों के नाम बताइए।
ङ) दिल्ली को अनेक धर्मों का संगम–स्थल क्यों कहा जाता है?
च) दिल्ली में स्थित विश्वविद्यालयों के नाम लिखिए।

## <u>(खंड–ख)</u>

प्र02. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क) | अ) स्वतंत्रता | | आ) | हर्ष | (विलोम शब्द लिखिए) |
| ख) | अ) योग | | आ) | विधि | (एक–एक अर्थ लिखिए) |
| ग) | अ) संसार | | आ) | हाथी | (एक–एक पर्याय शब्द लिखिए) |
| घ) | अ) नष्ट होने वाला | | | | |
| | आ) रात को घूमने वाला | | | | (एक शब्द में उत्तर लिखिए) |
| ङ) | अ) शम–सम | | | | (भिन्न अर्थ लिखिए) |
| च) | अ) कान भरना | | | | (मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइये) |
| छ) | अ) सवारना | | आ) | कवियत्री | (शुद्ध वर्तनी लिखिए) |
| ज) | अ) रवि+इंद्र | | आ) | महा+उत्सव | (संधि कीजिए) |
| झ) | अ) मयूर | | आ) | घट | (तद्भव रूप लिखिए) |
| ञ) | अ) स्वतंत्रता | | | | (उपसर्ग व प्रत्यय अलग करें) |
| ट) | अ) रीता ने चाकू <u>से</u> फल काटा | | | | |
| | आ) पंकज ने माँ <u>के लिए</u> साड़ी लाई। | | | | (रेखांकित चिह्न का कारक बताइए) |
| ठ) | अ) हाथी चल रहा है। | | | | |
| | आ) सोहन पुस्तक पढ़ता है। | | | | (कर्म के आधार पर क्रिया के भेद लिखिए) |
| ड) | अ) श्रेष्ठतम | | आ) | अधिकतर | (विशेषण की अवस्था बताइए) |
| ढ) | अ) दशानन | | | | (समास–विग्रह करके समास का नाम बताइए) |

प्र03. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क) (0) तथा (।) विराम–चिह्नों के नाम लिखिए।

ख) रचना के आधार पर वाक्य के भेदों के नाम लिखिए।

प्र04. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क) कर्म कारक तथा संप्रदान कारक में अंतर स्पष्ट कीजिए।

ख) वाक्य किसे कहते हैं? अर्थ के आधार पर वाक्य के चार भेदों के नाम लिखिए।

ग) बहुव्रीहि और द्विगु समास में अंतर स्पष्ट कीजिए।

## <u>(खंड–ग)</u>

प्र05. किसी एक का आशय स्पष्ट कीजिए ( शब्द सीमा 20–30 श ाब्द ) :–

क) कंठ रुका है महानाश का, मारक गीत रुद्ध होता है।
आग लगेगी क्षण में हृत्तल अब क्षुब्ध–युद्ध होता है।।

ख) जब किसी ढब से निकल तिनका गया, तब समझ ने यों मुझे ताने दिए।
ऐंठता तू किसलिए इतना रहा, एक तिनका है बहुत तेरे लिए।।

प्र06. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ( शब्द सीमा 20–30 शब्द ) :–

क) आश्रम में मोची, राजमिस्त्री, लुहार तथा बढ़ई की क्या आवश्यकता होती होगी?

ख) 13 अगस्त, 1857 को जगदीशपुर में कुँवर सिंह की सेना अंग्रेज़ों के सामने क्यों हार गई?
ग) मीरा को किसके आने की भनक लगी? उससे क्या हुआ?
घ) कुब्जा ने नीलकंठ और राधा के साथ कैसा दुर्व्यवहार किया?
ङ) खानपान की संस्कृति मिश्रित संस्कृति कैसे बनी?
च) ड्राइवर को किस बात पर गुस्सा आया? फिर बाद में वह क्यों हँस पड़ा?

प्र07. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :–
क) "धरती के समान मनुष्य को भी सहनशील होना चाहिए।" इस कथन पर अपने विचार 60–70 शब्दों में दीजिए।
ख) "मनुष्य को अपने जीवन के उतार–चढ़ाव (सुख–दुख) में सभी के साथ विनम्र व्यवहार करना चाहिए।" इस कथन पर 60–70 शब्दों में अपने विचार दीजिए।

प्र08. किन्हीं दो शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–
क) कृत्रिम ख) हिलोर ग) वंचित

प्र09. प्रश्नों के उत्तर दीजिए ( श ाब्द सीमा 40–50 शब्द) :–
क) धृतराष्ट्र ने जब भीम को बुलाया तो कृष्ण ने क्या चतुराई की? युधिष्ठिर के मन में क्या व्यथा थी?
ख) युधिष्ठिर ने अपने भाइयों को कौन–सी आज्ञा दे रखी थी? किसकी बातों से धृतराष्ट्र के दिल को ठेस पहुँचती थी?

(खंड–घ)

प्र010. किसी एक विषय पर 70–80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :–
क) परिश्रम का महत्त्व
सहायक बिंदु :–
- कर्म–जीवन का आवश्यक पहलू
- परिश्रम ही सफलता का मूल
- परिश्रम हेतु अनुशासन आवश्यक
- परिश्रम हीनता का कारण आलस्य

ख) प्रदूषण और हम
सहायक बिंदु :–
- प्रदूषण का अर्थ
- प्रदूषण के कारण
- प्रदूषण का प्रभाव
- समस्या का समाधान

प्र 011. किसी एक विषय पर 70–80 शब्दों में पत्र लिखिए :–
क) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए।
ख) अपने मित्र को विद्यालय में हुए वृक्षारोपण समारोह का वर्णन करते हुए पत्र लिखिए।

प्र012. निम्नलिखित में से किसी एक विष ाय पर 6–8 पंक्तियों में संवाद–लेखन कीजिए :–
क) 'स्वच्छता अभियान' के संबंध में दो मित्रों के मध्य संवाद–लेखन कीजिए।
ख) सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी के संबंध में पिता और पुत्र के मध्य संवाद–लेखन कीजिए।

प्र013. किसी एक विषय पर 20–25 शब्दों का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए :–

क) 'मिठास' चॉकलेट की बिक्री–हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

ख) 'प्रकाश' टेबल लैंप की बिक्री हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्र014. पुस्तक 'मैं और मेरा व्याकरण ' 7 के पृष्ठ संख्या 289 पर दिए गए चित्र (ख ) को ध्यानपूर्वक देखते हुए चित्र का वर्णन 40–50 शब्दों में कीजिए।